## सामान्य प्रश्न

1. **प्रोसेसिंग फीस क्या है?**

प्रोसेसिंग फीस आपकी लोन एप्लीकेशन को प्रोसेस करने की प्रशासनिक लागत को कवर करने के लिए ली जाने वाली राशि है.

2. **ओवरड्यू शुल्क क्या हैं?**

अगर EMI के भुगतान में कोई देरी हो जाती है, तो कंपनी ओवरड्यू शुल्क लेती है.

3. **बाउंस शुल्क क्या हैं?**

बाउंस शुल्क वह दंड शुल्क है जो EMI भुगतान विफल होने पर लगाया जाता है. ऐसा बैंक अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस न होने, अकाउंट निष्क्रिय या बंद होने या बैंक में तकनीकी समस्याएं होने के कारण हो सकता है.

इन शुल्कों के बारे में अधिक जानने के लिए, यहां क्लिक करें.

EMI भुगतान न हो पाने की जानकारी आपकी क्रेडिट हिस्ट्री में भी दर्ज हो सकती है

4. **किसी मौजूदा लोन अकाउंट में पार्ट-प्री-पेमेंट करने के लिए न्यूनतम और अधिकतम राशि क्या है?**

पार्ट-प्रिपेमेंट करने के लिए न्यूनतम राशि ₹1 होनी चाहिए। अधिकतम राशि आपके लोन की कुल बकाया मूलधन से कम कोई भी राशि हो सकती है।

5. **पार्ट-प्री-पेमेंट पूरा करने के बाद, मेरी EMI राशि कम होगी या लोन की अवधि?**

आपके पास यह विकल्प है कि पार्ट-प्रिपेमेंट का प्रभाव आपकी EMI या लोन अवधि (tenure) पर पड़े, लेकिन यह विकल्प केवल पूरी तरह से डिस्बर्स्ड लोन के लिए ही उपलब्ध है।

Flexi या आंशिक रूप से डिस्बर्स्ड लोन के मामले में, पार्ट-प्रिपेमेंट का प्रभाव डिफ़ॉल्ट रूप से केवल EMI पर ही लागू होगा।

और यदि पार्ट-प्रिपेमेंट eCMS के माध्यम से किया जाता है, तो उसका प्रभाव भी डिफ़ॉल्ट रूप से केवल EMI पर ही लागू होगा।

**6. मेरे अकाउंट स्टेटमेंट में आंशिक प्री-पेमेंट कब दिखाई देगा?**

यदि भुगतान "Payment Gateway" के माध्यम से किया जाता है, तो फंड प्राप्त होने के 48 घंटों के भीतर आपके खाते के स्टेटमेंट में पार्ट-प्रिपेमेंट राशि दिखाई देगी।

और यदि भुगतान eCMS के माध्यम से कार्यदिवस पर शाम 5 बजे से पहले किया जाता है, तो राशि उसी दिन आपके स्टेटमेंट में दिखाई दे जाएगी।

**7. अगर मेरे लोन अकाउंट में कुछ ओवरड्यू है, तो क्या पार्ट-प्री-पेमेंट किया जा सकता है?**

आप केवल बकाया राशि **(overdue amount)** चुकाने के बाद ही पार्ट-प्रिपेमेंट कर सकते हैं।
आप हमारी कस्टमर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं।

**8. मैं अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी में बदलाव या सुधार कैसे करूं?**

अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी में सुधार करने के लिए, जैसे अपनी जन्मतिथि, PAN या नाम अपडेट करने के लिए, अपने रजिस्टर्ड संपर्क विवरण से हमें **bhflwecare@bajajhousing.co.in** पर ईमेल भेजें.

या, आप पॉलिसी डॉक्यूमेंट में दिए गए कस्टमर सर्विस विवरण के ज़रिए भी सीधे अपनी इंश्योरेंस कंपनी से संपर्क कर सकते हैं.

**9. क्या लोन भुगतान की देय तारीख बदली जा सकती है? अगर हां, तो कैसे?**

हां, आप अपनी पुनर्भुगतान की देय तारीख के रूप में हर महीने की 2 या 5 तारीख में से कोई भी तारीख चुन सकते हैं. बदलाव का अनुरोध करने के लिए, अपने रजिस्टर्ड संपर्क विवरण से हमें **bhflwecare@bajajhousing.co.in** पर ईमेल भेजें.

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी आगामी EMI पर बदलाव लागू हो जाए, अपनी वर्तमान देय तारीख से कम से कम 10 दिन पहले अपना अनुरोध सबमिट करें. जैसे, अगर आपकी EMI अगले महीने की 2 तारीख को देय है और आप उसे बदलकर 5 तारीख करना चाहते हैं, तो आपको चालू महीने की 22 तारीख को या उससे पहले अपना अनुरोध सबमिट करना होगा (30 दिनों का महीना मानते हुए).

दिनों की संख्या में बदलाव के कारण, आपकी अगली देय EMI में ब्याज का हिस्सा बदल सकता है. ऊपर दिए गए उदाहरण में, क्योंकि देय तारीख आगे बढ़ाई गई है, इसलिए केवल उसी EMI के लिए ब्याज का हिस्सा बढ़ जाएगा.

अगर आप अपनी EMI की देय तारीख पहले कर लेते हैं, तो EMI की कुल राशि उतनी ही रहती है. हालांकि, ब्याज वाला हिस्सा कम हो जाता है और उसी अनुपात में मूलधन वाला हिस्सा बढ़ जाता है.

### 10. अपनी EMI की देय तारीख को बदलने से मेरा पुनर्भुगतान शिड्यूल कैसे प्रभावित होता है?

अगर आपने अपनी EMI की देय तारीख उसी महीने में आगे बढ़ाते हैं, तो बीच के बढ़े हुए दिनों का अतिरिक्त ब्याज लिया जाएगा. यह अतिरिक्त ब्याज सिर्फ आपकी अगली EMI पर ही लागू होगा

अगर आप अपनी EMI की देय तारीख को पहले कर देते हैं, तो आपकी अगले महीने की EMI में कोई बदलाव नहीं होगा. हालांकि, ब्याज वाले हिस्से में हुई कमी को पूरा करने के लिए मूलधन वाला हिस्सा बढ़ जाता है.

### 11. क्या EMI को बढ़ाया जा सकता है?

हां, आप अपनी EMI को बढ़ा सकते हैं या फिर अपनी अवधि को कम भी कर सकते हैं. यहां जानिए कैसे:

अगर आप BHFL कस्टमर पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं:

1. अपनी रजिस्टर्ड संपर्क जानकारी या CIF और पासवर्ड का उपयोग करके लॉग-इन करें
2. बाईं ओर मौजूद मेनू से 'मेरे लोन को मैनेज करें' विकल्प चुनें
3. ड्रॉपडाउन में से 'अपनी EMI बढ़ाएं' चुनें
4. अगर आपके पास एक से ज़्यादा लोन है, तो अपना लोन अकाउंट नंबर चुनें
5. बदलाव चुनें, यानी, क्या आप अपनी EMI को बढ़ाना चाहते हैं, या अपनी अवधि को कम करना चाहते हैं
6. नई EMI राशि, या नई अवधि को दोबारा दर्ज करें
7. आवश्यक जांच पूरी करें, OTP जनरेट करें और अपने अनुरोध को कन्फर्म करने के लिए इसे सबमिट करें

अगर आप BHFL मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं:

1. अपनी रजिस्टर्ड संपर्क जानकारी या CIF और पासवर्ड का उपयोग करके लॉग-इन करें
2. 'क्विक लिंक' ट्रे से 'अपनी EMI बढ़ाएं' चुनें
3. अगर आपके पास एक से ज़्यादा लोन है, तो अपना लोन अकाउंट नंबर चुनें
4. बदलाव चुनें, यानी, क्या आप अपनी EMI को बढ़ाना चाहते हैं, या अपनी अवधि को कम करना चाहते हैं
5. नई EMI राशि, या नई अवधि को दोबारा दर्ज करें

6. आवश्यक जांच पूरी करें, OTP जनरेट करें और अपने अनुरोध को कन्फर्म करने के लिए इसे सबमिट करें

कृपया ध्यान दें:

- अगर आपका लोन पूरी तरह से डिस्बर्स हो चुका है, तो आप सेल्फ-सर्विस के ज़रिए अपनी EMI को बढ़ाने या अवधि घटाने का विकल्प चुन सकते हैं
- अगर आपका लोन आंशिक रूप से डिस्बर्स किया गया है, तो अवधि बदलने का विकल्प पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होता है. ऐसे मामलों में, अपने रजिस्टर्ड संपर्क विवरण से हमें **bhflwecare@bajajhousing.co.in** पर ईमेल भेजें
- अगर आपका लोन फ्लेक्सी वेरिएंट के तहत है, तो दर में होने वाले बदलाव का असर सिर्फ आपकी EMI राशि में दिखाई देगा. इसकी पूरी जानकारी के लिए कृपया अपनी रजिस्टर्ड ईमेल ID पर भेजी गई ईमेल देखें

### 12. क्या EMI को कम किया जा सकता है?

आप पार्ट-पेमेंट करके अपनी EMI की राशि कम कर सकते हैं, बशर्ते आप लोन की अवधि घटाने के बजाय EMI घटाने का विकल्प चुनें

कृपया यह भी ध्यान में रखें कि आप अवधि को बढ़ाकर अपनी EMI को कम नहीं कर सकते.

### 13. क्या EMI को कम करने के लिए लोन अवधि को बढ़ाया जा सकता है?

आपकी लोन अवधि कंपनी की क्रेडिट और जोखिम पॉलिसी के अनुसार निर्धारित की जाती है और लोन डिस्बर्स होने के बाद स्वैच्छिक रूप से बढ़ाई नहीं जा सकती है.

यह कई कारकों पर निर्भर हो सकता है, जैसे ब्याज दरों में बदलाव, कंपनी की आंतरिक पॉलिसी में बदलाव, नियामक आवश्यकताएं या लोन न चुका पाना .

### 14. क्या प्री-EMI को EMI में बदला जा सकता है?

अगर आपका लोन इस समय प्री-EMI मोड में है, जिसमें केवल ब्याज का भुगतान किया जाता है, तो आप उसे EMI मोड में बदलने का अनुरोध कर सकते हैं, जिसमें मूलधन और ब्याज दोनों का भुगतान करना होता है.

BHFL कस्टमर पोर्टल से यह अनुरोध करने के लिए, कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

1. अपनी रजिस्टर्ड संपर्क जानकारी या CIF और पासवर्ड का उपयोग करके लॉग-इन करें

2. 'मेरे लोन को मैनेज करें' चुनें और ड्रॉपडाउन में से 'प्री-EMI को EMI में बदलें' का विकल्प चुनें
3. अपना लोन अकाउंट नंबर चुनें, और 'आगे बढ़ें' पर क्लिक करें
4. OTP जनरेट करके और सबमिट करके अपने अनुरोध को कन्फर्म करें

या, आप अनुरोध दर्ज करने के लिए **bhflwecare@bajajhousing.co.in** पर ईमेल भेज सकते हैं. आप 48 घंटों के भीतर जवाब की उम्मीद कर सकते हैं.

**15. मैं अपनी बकाया डिस्बर्समेंट राशि कैसे प्राप्त करूं?**

अपनी लंबित डिस्बर्समेंट राशि का लाभ उठाने के लिए, कृपया अपने सेल्स प्रतिनिधि से संपर्क करें.

सभी आवश्यक डॉक्यूमेंट्स सबमिट करने और उनकी जांच हो जाने के बाद, आपके सैंक्शन लेटर में बताई गई शर्तों के अनुसार राशि डिस्बर्स कर दी जाएगी.

**16. मैं अपनी निजी जानकारी, जैसे जन्मतिथि, संचार का पता, ईमेल ID और मोबाइल नंबर, में बदलाव कैसे करूं?**

आप अपनी रजिस्टर्ड ईमेल ID और मोबाइल नंबर अपडेट करने का अनुरोध बजाज हाउसिंग फाइनेंस कस्टमर पोर्टल या ऐप के ज़रिए दर्ज कर सकते हैं. आप इस पोर्टल या ऐप पर अपना संचार पता अपडेट करने का अनुरोध भी दर्ज कर सकते हैं.

अपने अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए, आपको मान्य ID प्रूफ शेयर करना होगा, जैसे:

• PAN कार्ड

• पासपोर्ट

• वोटर ID

• ड्राइविंग लाइसेंस

• आधार कार्ड

अपनी जन्मतिथि अपडेट करने के लिए, bhflwecare@bajajhousing.co.in पर ईमेल भेजें, और आपके अनुरोध को आगे बढ़ाने के लिए हमारे प्रतिनिधि आपसे संपर्क करेंगे. या फिर आप अपनी नज़दीकी BHFL ब्रांच में भी जा सकते हैं.

### 17. मैं अपने प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) सब्सिडी एप्लीकेशन का स्टेटस कैसे चेक करूं?

PMAY सब्सिडी केंद्र सरकार की एक स्कीम है. बजाज हाउसिंग फाइनेंस आपकी पात्रता की जांच करता है और फिर केस विशेष के आधार पर आपकी एप्लीकेशन को संबंधित सरकारी प्राधिकरणों के पास भेज देता है.

PMAY स्कीम के अनुसार ज़रूरी डॉक्यूमेंट सबमिट हो जाने पर, प्राधिकरण एप्लीकेशन की जांच करते हैं. दिए गए विवरण के आधार पर सब्सिडी स्वीकार या अस्वीकार हो सकती है.

अगर अनुरोध अप्रूव हो जाता है, तो सब्सिडी की राशि आपके लोन अकाउंट में जमा कर दी जाएगी और आपकी EMI में एडजस्ट की जाएगी.

अगर आपके पास अपनी PMAY एप्लीकेशन ID है, तो आप PMAY की आधिकारिक वेबसाइट पर स्टेटस चेक कर सकते हैं.

### 18. फ्लेक्सी लोन क्या है?

फ्लेक्सी लोन, साधारण टर्म लोन से अलग है. इसमें आपके पास कभी भी पार्ट-प्रीपेमेंट करने और जब चाहें तब पैसे निकालने की सुविधा होती है. यह आपको अपने पैसों के लेन-देन को बेहतर तरीके से मैनेज करने की आजादी देता है

### 19. अपने फ्लेक्सी लोन अकाउंट पर ट्रांज़ैक्शन कब से शुरू कर सकते हैं?

आप लोन डिस्बर्सल के बाद अपने फ्लेक्सी लोन अकाउंट पर ट्रांज़ैक्शन शुरू कर सकते हैं. आप कस्टमर पोर्टल द्वारा, 24x7 - यानी किसी भी समय, पैसे निकाल और पार्ट-प्री-पे कर सकते हैं.

### 20. अपने फ्लेक्सी लोन अकाउंट से निकासी का अनुरोध करने के बाद मुझे फंड कब तक मिल जाएगा?

कस्टमर पोर्टल के ज़रिए अनुरोध दर्ज करने के बाद 24 घंटों (बैंकिंग घंटों) के भीतर पैसे आपके बैंक अकाउंट में जमा कर दिए जाते हैं.

### 21. AMC क्या है, और इसे मेरे अकाउंट से क्यों काटा जाता है?

फ्लेक्सी BHFL द्वारा दी जाने वाली एक अनोखी सुविधा है. यह आपको अपने फ्लेक्सी अकाउंट में अतिरिक्त राशि जमा करने और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें कभी भी निकालने की आजादी देती है, जिससे आप ब्याज की बचत कर सकते हैं.

आपके सैंक्शन लेटर में बताए गए AMC शुल्क हर साल आपकी ड्रॉप लाइन लिमिट पर लिए जाते हैं, यानी साल के अंत में जो लिमिट है उस पर लगाए जाते हैं. पहले साल के लिए AMC शुल्क लोन डिस्बर्समेंट के समय ही काट लिया जाता है.

अगर आप AMC भुगतान बंद करना चाहते हैं, तो कृपया अपनी नज़दीकी BHFL ब्रांच में जाकर संशोधित समझौते (अमेंडेटरी एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करके, बची हुई अवधि के लिए अपने फ्लेक्सी लोन को टर्म लोन में बदल सकते हैं. या, आप bhflwecare@bajajhousing.co.in पर एक ईमेल भेजकर, इसके लिए अनुरोध दर्ज कर सकते हैं. आप 48 घंटों के भीतर जवाब की उम्मीद कर सकते हैं.

**22. मुझे लोन फोरक्लोज़र के लिए लेटेस्ट जानकारी कहां से प्राप्त हो सकती है?**

लोन फोरक्लोज़र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए, कृपया bhflwecare@bajajhousing.co.in पर ईमेल करें, और हमारी टीम 48 घंटों के भीतर आपसे संपर्क करेगी.

**23. मेरा लोन फोरक्लोज़ हो जाने के कितने दिनों बाद मुझे अपना डॉक्यूमेंट मिल मिल जाएगा?**

जैसे ही हमारे सिस्टम में आपका लोन बंद हो जाएगा, आपके प्रॉपर्टी के पेपर रिलीज़ करने का अनुरोध हमारे स्टोरेज पार्टनर को एक आंतरिक अनुरोध भेज दिया जाएगा. सभी लिंक किए हुए लोन अकाउंट बंद हो जाने के बाद, आपके ओरिजिनल डॉक्यूमेंट लोन बंद होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर ब्रांच पहुंच जाएंगे.

हमारे स्टोरेज पार्टनर से डॉक्यूमेंट मिल जाने पर, आपकी संबंधित ब्रांच (जहां से लोन लिया गया था) का एक अधिकारी आपसे ईमेल के ज़रिए संपर्क करेगा और आपको उस पते की जानकारी देगा, जहां से आप अपने डॉक्यूमेंट ले सकते हैं.

कृपया ध्यान दें कि डॉक्यूमेंट केवल प्रॉपर्टी के मालिकों को ही दिए जाएंगे. इसलिए, सभी प्रॉपर्टी मालिकों को डॉक्यूमेंट पाने के लिए अपनी ओरिजिनल फोटो ID के साथ ब्रांच जाना होगा. पहचान प्रमाण के तौर पर आप नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट ला सकते हैं:

- PAN कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- आधार कार्ड
- वोटर ID

**24. मुझे नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट कब और कैसे मिल सकता है?**

हमारे सिस्टम में लोन बंद हो जाने पर, आपको 3 दिनों के भीतर सिस्टम से जनरेट हुआ लोन क्लोज़र लेटर प्राप्त होगा. सभी लिंक किए हुए लोन बंद होने के बाद ही नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया जाता है.

**25. CIBIL में मेरे लोन क्लोज़र का स्टेटस कब अपडेट किया जाएगा?**

आपका लोन फोरक्लोज़ हो जाने पर, BHFL इसे 'बंद' के रूप में CIBIL को सूचित करता है. यह स्टेटस आम तौर पर लोन बंद होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर आपके CIBIL रिकॉर्ड में अपडेट हो जाता है.

**26. मेरे लोन की ब्याज दर कितनी बार बदल सकती है, और इस बारे में BHFL मुझे कैसे सूचित करेगा?**

BHFL के पास यह पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह अपने विवेकाधिकार पर आपकी लोन अवधि के दौरान कभी भी ब्याज दर को संशोधित कर सकता है. ऐसा BHFL FRR में बदलाव, आंतरिक नीतियों, बाहरी नियामक आवश्यकताओं या लोन डिफॉल्ट होने की स्थिति में हो सकता है. इसमें लोन मिलने के बाद एग्रीमेंट के तहत ज़रूरी डॉक्यूमेंट देने या उन्हें पूरा करने में आपकी ओर से होने वाली देरी भी शामिल है.

ब्याज दर में किसी भी तरह के बदलाव के बारे में आपको आपके रजिस्टर्ड ईमेल ID पर ईमेल से या मोबाइल नंबर पर SMS के ज़रिए पहले ही सूचित कर दिया जाएगा. बदली हुई ब्याज दर भविष्य की तारीख से लागू होगी

**27. अगर BHFL FRR या रेपो रेट में बदलाव के कारण मेरी ब्याज दर बदल जाए, तो BHFL मुझे नई ब्याज दर कैसे सूचित करेगा?**

आपको आपके रजिस्टर्ड ईमेल ID ईमेल या SMS के ज़रिए पहले ही सूचित कर दिया जाएगा.